भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2386
दिनांक 13 मार्च, 2025

मोहनलालगंज में पीएमयूवाई के अंतर्गत पीएनजी, एलपीजी और सीएनजी

†2386. श्री आर.के. चौधरी :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत मोहनलालगंज के परिवारों को किस मानदंड के आधार पर लाभान्वित किया है तथा इस संसदीय क्षेत्र में 100% कवरेज सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) क्या सरकार के पास वाहनों के लिए स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने तथा प्रदूषण को कम करने के लिए मोहनलालगंज में सीएनजी स्टेशन स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार ने मोहनलालगंज के परिवारों को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) तक पहुंच प्रदान करने के लिए किस मानदंड के आधार पर कार्य किया है और निर्वाचन क्षेत्र में पीएनजी अवसंरचना के विस्तार की समय-सीमा क्या है;

(घ) क्या सरकार द्वारा ग्रामीण रोजगार को समर्थन देने तथा जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने के लिए मोहनलालगंज में जैव ईंधन या संपीड़ित जैव गैस को बढ़ावा देने के लिए कोई पहल की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) क्या सरकार के पास स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए मोहनलालगंज में तेल और गैस से संबंधित परियोजनाएं या सुविधाएं स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा ईंधन पहुंच का विस्तार करने, प्रदूषण को कम करने तथा स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के संदर्भ में मोहनलालगंज के लिए भविष्य की क्या योजनाएं हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ङ.): प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) मई, 2016 में शुरू की गई थी जिसका उद्देश्य देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को बगैर जमानत धनराशि के एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराना है। पीएमयूवाई के तहत एलपीजी कनेक्शन गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं के नाम पर जारी होता है, बशर्ते परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर कोई एलपीजी कनेक्शन न हो और अन्य नियमों और शर्तों को पूरी करता हो। सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना से संबंधित परिवार (एसईसीसी) सूची में शामिल या अन्य सात श्रेणियों जैसे अनुसूचित जाति (एससी) परिवार, अनुसूचित जनजाति (एसटी) परिवार, अति पिछड़ा वर्ग (एमबीसी), पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी, अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के लाभार्थी, वनवासी, द्वीप/नदी द्वीपों के निवासी, चाय बागान/पूर्व चाय बागान श्रमिक या गरीब परिवार जो उपरोक्त श्रेणियों के अंतर्गत शामिल नहीं हैं, वे 14 सूत्रीय घोषणा प्रस्तुत करके पीएमयूवाई कनेक्शन के लिए पात्र हैं। उज्ज्वला 2.0 के अंतर्गत प्रवासी परिवारों के लिए एक विशेष प्रावधान किया गया है, जो पीएमयूवाई कनेक्शन के लिए आवेदन करने हेतु पते के प्रमाण और राशन कार्ड के स्थान पर स्व-घोषणा का उपयोग कर सकते हैं।

दिनांक 01.03.2025 की स्थिति के अनुसार, देश भर में 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन हैं। दिनांक 01.03.2025 की स्थिति के अनुसार पीएमयूवाई स्कीम के तहत लखनऊ और सीतापुर जिलों (जिसमें मोहनलालगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र शामिल है।)में जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों की स्थापना करना और पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना नगर-गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का भाग है और यह कार्य पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा किया जा रहा है। 12/12 ए सीजीडी बोली दौर के पूरा होने के बाद लखनऊ भौगोलिक क्षेत्र, जिसमें मोहनलालगंज तहसील शामिल है, के लिए सीजीडी के लिए प्राधिकार जारी किया गया है।

न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) के अनुसार, प्राधिकृत कंपनी द्वारा लखनऊ भौगोलिक क्षेत्र में 4.94 लाख पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए जाने हैं। दिनांक 31.12.2024 की स्थिति के अनुसार, सीजीडी कंपनी द्वारा इस भौगोलिक क्षेत्र में 1,32,464 पीएनजी कनेक्शन और 46 सीएनजी स्टेशन प्रदान किए गए हैं।

संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न स्कीमें जैसे किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प (एसएटीएटी), बायोमॉस एकत्रीकरण मशीनरी (बीएएम) की अधिप्राप्ति के लिए वित्तीय सहायता और नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क में सीबीजी के परिवहन के लिए पाइपलाइन अवसंरचना का विकास (डीपीआई) के लिए स्कीम शुरू की है। इन पहलों के साथ लगभग 650 टीपीडी (टन प्रतिदिन) की उत्पादन क्षमता के साथ 94 सीबीजी संयंत्र पहले ही कमीशन कर लिए गए हैं और लगभग 550 टीपीडी की उत्पादन क्षमता सहित अन्य 75 सीबीजी संयंत्र निर्माण की विभिन्न अवस्थाओं में है। वर्तमान में मोहनलालगंज में तेल और गैस से संबंधित परियोजनाओं को स्थापित करने की कोई योजना नहीं है।

****

अनुलग्नक

"मोहनलालगंज में पीएमयूवाई के अंतर्गत पीएनजी, एलपीजी और सीएनजी" के सम्बन्ध में दिनांक 13.03.2025 को श्री आर. के. चौधरी द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2386 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

जिला	पीएमयूवाई कनेक्शनों की संख्या	घरेलू कनेक्शनों की संख्या
लखनऊ	2.54 लाख	14.94 लाख
सीतापुर	6.01 लाख	10.16 लाख

स्रोत: उद्योग आधार पर आईओसीएल

*****